वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 28 जुलाई 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

स्कूली छात्रों के लिए अभाविप चलाएगी ‘परिषद की पाठशाला’

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कोरोना काल में छात्रों को हो रहे पढ़ाई के नुकसान को ध्यान में रखकर छात्रों की पढ़ाने के लिए 'परिषद की पाठशाला' की शुरुआत करने जा रही है। चूंकि भारत में एक बड़े वर्ग के पास ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई करने के लिए संसाधन नहीं है, अतः अभाविप प्रत्यक्ष शिक्षा सुलभ कराने हेतु परिषद की पाठशाला प्रारंभ करेगी।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "छात्र जगत के सामने कोरोना ने कई चुनौतियां उत्पन्न की हैं, हम परिषद की पाठशाला अभियान द्वारा शारीरिक दुरी सुनिश्चित करते हुए छात्रों को 10-15 के समूह में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान आदि विषयों को पढ़ाएंगे। अभाविप के कार्यकर्ताओं तथा प्राध्यापकों के द्वारा 'परिषद की पाठशाला' में छात्रों को शिक्षित किया जाएगा।

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)